रुपये क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य के अलावा 25 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस देने की भी घोषणा की है ।

गेहूं तथा चावल के मूल्यों में वृद्धि

@@@1394. **श्री राम जेठमलानी :**

सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **खाद्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने 28 दिसम्बर, 1991 को गेहूं और चावल की कीमतों में वृद्धि करके गेहूं का मूल्य 234 रुपये से 280 रुपये प्रति क्विंटल और चावल का मूल्य 349 रुपये से 347 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है और इन्हें बढ़ी हुई दरों पर ही उपभोक्ताओं को बेचना प्रारम्भ कर दिया;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि राष्ट्रीय ग्रामीण श्रम आयोग ने खेतिहर मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी 20 रुपये प्रति दिन निर्धारित की है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने खेतिहर मजदूर द्वारा 20 रुपये प्रति दिन की स्वल्प मजदूरी कमाकर 4 रुपये 37 पैसे प्रति किलोग्राम की दर पर चावल तथा 2 रुपये 80 पैसे प्रति किलोग्राम की दर पर गेहूं खरीद कर अपने परिवार को खिला पाने की वर्तमान क्षमता का आकलन किया है ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) : (क) जी, हां । गेहूं और धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को आंशिक रूप से खपाने की दृष्टि से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए गेहूं और चावल के केन्द्रीय निर्गम मूल्यों (भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से) को 28-12-91 से बढ़ा दिया गया है । तथापि चावल की साधारण किस्म का केन्द्रीय निर्गम मूल्य इस समय 377 रुपये प्रति क्विंटल है ।

(ख) जी, हां ।

(ग) आयोग ने किसी खेतिहर मजदूर के परिवार में मजदूरी कमाने वाले सदस्यों की औसत संख्या के बारे में विचार करने के बाद और न्यूनतम खाद्य व्यय को दृष्टि में रखने के बाद न्यूनतम मजदूरी का आकलन किया है ।

(घ) श्रम मंत्रालय जो कि इस संबंध में प्रशासनिक मंत्रालय है, ने आयोग की सिफारिशों के बारे में राज्य सरकारों को अवगत करवा दिया है ।

Hoarding of foodgrains

1395. SHRI R. T. GOPALAN : Will the Minister of FOOD be pleased to state :

(a) whether the Central Government have issued any fresh instructions to State Governments in regard to hoarding of foodgrains ;

(b) if so, the details thereof ; and

(c) the States where ceiling on the wheat stocks have been imposed ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD (SHRI TARUN GOGOI) : (a) Yes, Sir.

(b) The uniform reduced maximum stock-holding limits on wheat and rice suggested are as under :—

Item	Category	Maximum Stock-Holding Limits	Instructions Issued on
Wheat . .	Wholesalers	250 Qtls.	7-2-1992
	Retailers	50 Qtls.	7-2-1992
	RFMs	15 day's grinding capacity of a mill	11-3-1992
Rice	Wholesalers	250 Qtls.	7-2-1992
	Retailers	50 Qtls.	7-2-1992
	Rice Millers	500 Qtls.	11-3-1992

@@@पूर्वत: अतारांकित प्रश्न 397, 30 अप्रैल, 1992 से स्थानांतरित ।